हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, रविवार, 23 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 34.1 डिग्री
न्यूनतम 12.8 डिग्री

11 बाबा मस्तनाथ विवि में अटल टिंकरिंग लैब का उद्घाटन



12 सैंपल में युवक की पीट-पीटकर हत्या





# लाखनमाजरा में रात को बारात से लौट रहे युवक पर फायरिंग, मारे पिस्तौल के बट

■ सात युवकों के खिलाफ केस दर्ज, पुलिस ने युवक को बचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

लाखन माजरा में रात को बारात से लौट रहे एक युवक पर सात लड़कों ने जानलेवा हमला कर दिया। एक युवक ने पिस्तोल से उस पर फायरिंग कर दी और उसके मुंह व नाक पर पिस्तोल की बट मारी। जिस वजह से वह लहुलुहान हो गया। वहां पर अचानक पुलिस पहुंच गई। जिस वजह से युवक गाड़ियों में बैठकर वहां से फरार हो गए। पुलिस ने युवक को घायल अवस्था में उपचार के लिए लाखन माजरा सीएचसी में दाखिल करवाया। पुलिस ने इस संबंध में सात युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। लाखन माजरा पुलिस को दिए बयान में नांदल गांव निवासी धर्मेंद्र पुत्र विरेंद्र सिंह ने बताया कि उसका ऑफिस लाखन माजरा में है। कल वह जतीन पुत्र रमेश,अंकुश और अमन की कार में बैठकर करनाल जिले के पवाना हसनपुर गांव में गए थे।

### हुई थी कहासुनी

हसनपुर में उनकी नांदल गांव निवासी रोहन पुत्र सुखपाल और गुगाहेड़ी निवासी सौरव उर्फ अनुज के साथ मामूली कहासुनी हो गई। उसके बाद वह अपने साथियों अंकुश, अमन, जतीन के साथ अपने घर के लिए चल पड़ा। रात को लाखन माजरा में 9 बजकर 30 मिनट पर वह जींद जुलाना बाइपास पर सीएचसी लाखन माजरा के पास पहुंचे, तो एक गाड़ी उनके सामने आकर रुकी। जिसमें रोहन व सौरव उतरे। इतने में एक बिना नंबर प्लेट की मर्सडीज आकर रुकी। उसमें से पांच लड़के उतरकर आए और उनके साथ मारपीट करने लगे।

# आपसी चर्चा के बाद होगा शिक्षकों की मांगों का समाधान

■ शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा से मिला सलाह का प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

स्कूल कैडर लेक्चरर एसोसिएशन हरियाणा-सलाह का प्रदेश प्रतिनिधिमंडल स्कूल शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा से मिला। सलाह प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री के समक्ष शिक्षकों की मांगों को रखा और उनका समाधान करने की मांग की। शिक्षा मंत्री ने सलाह प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि शिक्षक वर्ग की सामान्य तबादला ड्राइव शुरू करने सहित अन्य मांगों पर विचार किया जाएगा। इसके लिए शिक्षक संगठन से मार्च के अंतिम सप्ताह में मीटिंग की जाएगी। मीटिंग में आपसी चर्चा के बाद सहमति से मांगों का समाधान किया जाएगा। सलाह के प्रदेशाध्यक्ष अशोक शर्मा ने बताया कि शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा से शनिवार को हुई मीटिंग सार्थक रही। शिक्षा मंत्री ने जल्द ही संगठन से मीटिंग कर शिक्षक वर्ग की मांगों पर विचार विमर्श करके समाधान करने का आश्वासन दिया है। सलाह प्रतिनिधिमंडल में संगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अजय मलिक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजवीर धारेड़ू, उपाध्यक्ष समरवीर सिंह, रमन रोहिल्ला, मनोज कुमार व संजीव शर्मा आदि शामिल रहे।

### ये हैं मांगें

- शिक्षा विभाग द्वारा जारी सर्विस रूल 2012 पूर्ण रूप से लागू किए जाए, शिक्षा विभाग पदोन्नति व एसीपी के समय तो सर्विस रूल 2012 लागू कर देता है परन्तु रेशनलाइजेशन प्रक्रिया के समय इसको अनदेखा कर दिया जाता है।
- सर्विस रूल 2012 के अनुसार पीजीटी की नियुक्ति कक्षा 9-12 के लिए व टीजीटी नियुक्ति कक्षा 6-8 के लिए की गई है, परन्तु शिक्षा विभाग रेशनलाइजेशन प्रक्रिया के अंतर्गत पीजीटी शिक्षकों से कक्षा 6-8 पढ़वाना चाहता है, जबकि टीजीटी से 9-10 कक्षा। सलाह संगठन इसका विरोध करता है।
- सर्विस रूल 2012 को व्यावहारिक तौर पर लागू करने के लिए सभी हाई स्कूल को वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में अपग्रेड किया जाए। 9-12 का वर्क लोड पीजीटी को दिया जाए ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके और उसके बाद ही रेशनलाइजेशन किया जाए।
- रेशनलाइजेशन प्रक्रिया के अंतर्गत एक कक्षा का सेक्शन 50 विद्यार्थियों तक दिया हुआ है। वर्तमान में एक कक्षा में 50 विद्यार्थियों को बैठाना संभव नहीं है, जिससे शिक्षण की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। अतः गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए अध्यापक-छात्र अनुपात 1:35 किया जाए।
- कक्षा 9-10 के लिए हिंदी व सामाजिक विज्ञान के विषयों में भी 8 पीरियड दिए जाए, क्योंकि दोनों विषयों का पाठ्यक्रम काफी विस्तृत होता है।
- कक्षा 11-12 में सभी संकाय में हिंदी व अंग्रेजी विषय के 8 पीरियड दिए जाएं व सभी प्रैक्टिकल विषयों जैसे भूगोल, एकाउंटेंसी, गृह विज्ञान व मनोविज्ञान में 10 पीरियड दिए जाएं।

## खबर संक्षेप



### गाड़ी चालक अवैध हथियार सहित काबू

**रोहतक।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर नाकाबंदी करके निरंतर वाहनों की चेकिंग की गई। वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस को अवैध हथियार बरामद करने में सफलता मिली है। पुलिस चौकी घिलौड़ की टीम ने नाकाबंदी के दौरान सूचना गाड़ी सवार युवक को अवैध हथियार सहित काबू किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर एक दिन

### योगासन व ध्यान तकनीकों का अभ्यास किया



**रोहतक।** वैश्य महिला महाविद्यालय के एनएसएस सात दिवसीय एवं रात्रिकालीन शिविर गांव डोभ में आयोजित किया जा रहा है। प्राचार्या डॉ. रश्मि गुप्ता की प्रेरणा और मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। उनके उत्साहवर्धन से स्वयंसेवकों ने पूरे जोश के साथ विभिन्न सामाजिक जागरूकता अभियानों में भाग लिया। प्रो. सत्यवान बरोड़ा द्वारा कराए गए योग सत्र से हुई, जिसमें स्वयंसेवकों ने शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए विभिन्न योगासन और ध्यान तकनीकों का अभ्यास किया।

## पुलिस के जागरूक करने के बाद भी लोग हो रहे ठगी का शिकार

# मुनाफा कमाने का लालच देकर 23 लाख रुपये की धोखाधड़ी

■ पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए लोगों को जागरूक कर रही है, लेकिन इसके बाद भी ऑनलाइन ठगी के मामले रुकने का नाम नहीं ले रहे है। शनिवार को ऐसे ही एक मामला समाने आया है, जिसमें एक व्यक्ति से ऑनलाइन टास्क पूरा कर मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर 23 लाख रुपये की ठगी की गई। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाना पुलिस में शिकातय दर्ज करवाई हैं। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने दी शिकायत में वसंत विहार निवासी नीरज ने बताया कि टेलीग्राम के माध्यम से उसे वर्क फ्रॉम होम ग्रुप से जोड़ा गया और कुछ सामान्य टास्क दिए गए। टास्क पूरा करने पर उसे कुछ रुपये भी मिले। इसके बाद प्रीपेड टास्क पूरा कर मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया, जिसमें वह फंस गया और रुपये गंवा बैठा। पीड़ित नीरज ने बताया कि शुरुआत में 1000 रुपये का टास्क दिया, जिसे पूरा करने पर



1650 रुपये मिले। इसके बाद 6 हजार का टास्क दिया, जिसे पूरा करने पर 8300 रुपये मिले। इसके बाद 7 हजार का टास्क देकर अलग ग्रुप में जोड़ा गया। वहां एक लिंक दिया, जिस पर वॉलेट बनाकर लॉग इन आईडी बनवाई। नीरज ने बताया कि आरोपियों ने उससे टास्क की पेमेंट करने के लिए खाते की पूरी डिटेल ले ली। आरोपियों ने कहा कि उसे 4 टास्क पूरे करने हैं, जिसके बाद वह अपना पैसा मुनाफे के साथ निकाल सकता है। इसमें पहला टास्क 7 हजार, दूसरा 60 हजार, तीसरा 4 लाख 50 हजार व चौथा 8 लाख रुपये का था। नीरज ने बताया कि आरोपियों ने उससे कहा कि तीसरे व चौथे टास्क में गलती हुई है, इसलिए दोनों टास्क दोबारा करने होंगे। तीसरे टास्क के 4 लाख व चौथे के 6 लाख रुपए और मांगे। पैसे डालने के बाद मैसेज आया कि दूसरे प्लेटफार्म पर लॉग इन करें। जब लॉग इन किया तो उसके वॉलेट में 36 लाख रुपये दिखाई दिए। नीरज ने बताया कि जब उसने अपने वॉलेट से पैसे निकालने का प्रयास किया तो आरोपियों ने टैक्स के रूप में उससे 7 लाख रुपये ओर मांगे। इस पर उसे शक हुआ और उसने अपने स्तर पर पता लगाया तो उसे धोखाधड़ी की जानकारी मिली। इसके बाद साइबर क्राइम पुलिस को शिकायत दी गई।

### 83 हजार रुपये की ठगी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस ने 85 हजार रुपये की धोखाधड़ी की वारदात में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। आर्य नगर थाना प्रभारी सुलेंदर सिंह ने बताया कि डीएलएफ कॉलोनी निवासी तिलकराज की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 30 सितंबर 2024 को तिलकराज के पास मैसेज में एक लिंक प्राप्त हुआ। लिंक ओपन करते ही तिलकराज के क्रेडिट कार्ड से 3504 रुपये कटने का संदेश मिला। 30 अक्टूबर 2024 को क्रेडिट कार्ड से बिल जनरेट होने का संदेश आए। तिलकराज के साथ कुल 83,290 रुपये की धोखाधड़ी हुई। जांच के दौरान 21 मार्च 2025 को आरोपी सचिन निवासी कसौदा जिला राजस्थान व राजेन्द्र निवासी टोडा नगर ज़िला राजस्थान को गिरफ्तार किया गया है।

### ऑनलाइन टास्क दिया गया : प्रतीक

*ऑनलाइन टास्क पूरा करने के नाम पर युवक से 23 लाख रुपये ठगी का केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले में आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित नीरज द्वारा जिन खातों में पैसे ट्रांसफर किए गए हैं, उनकी जांच की जा रही है।*

*-प्रतीक, एसआई, साइबर क्राइम थाना*

# सफलता प्राप्त करने के लिए एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना आवश्यक: मुखर्जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

■ महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग ने व्याख्यान का किया आयोजन

महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग के सहायक प्रोफेसर सुनीत मुखर्जी ने भाग लिया। उन्होंने करियर लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए संचार और सॉफ्ट स्किल्स का विकास विषय पर छात्राओं का मार्गदर्शन दिया। मुखर्जी ने बताया कि करियर में सफलता प्राप्त करने के लिए केवल रुचि होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति अपने करियर की दिशा को सही तरीके से पहचानता है, तो वह अपनी संचार क्षमता और अन्य सॉफ्ट स्किल्स को उसी अनुरूप विकसित कर सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि आत्मविश्वास, प्रभावी संवाद, टीम वर्क और समस्या समाधान की क्षमता जैसी सॉफ्ट स्किल्स किसी भी व्यक्ति को अपने करियर में आगे बढ़ने में मदद करती हैं। उन्होंने छात्राओं को संदेश दिया कि वे अपनी क्षमताओं को पहचानें, एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करें और निरंतर सीखते रहें। इससे न केवल वे अपने करियर में सफलता प्राप्त कर सकेंगी, बल्कि अपने सपनों को भी साकार कर पाएंगी। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग की प्राध्यापिका सोफिया जाखड़, नीलम सहित अन्य मौजूद रहे।





### शिविर में योग और ध्यान के लाभ बताए

**रोहतक।** वैश्य कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग के एनएसएस स्वयंसेवकों ने कॉलेज में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर की शुरुआत योग और ध्यान से की। यूथ फॉर माय इंडिया और डिजिटल साक्षरता थीम पर आधारित इस शिविर का उद्देश्य आधुनिक जीवन में तनाव मुक्त जीवन जीने के तरीकों को समझाना है। मुख्य अतिथि राजबीर सिंह और कमलेश ने स्वयंसेवकों को योग और ध्यान के लाभ के बारे में बताया।इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी डॉ. राजबाला और नीर खरब भी मौजूद रहे। स्वयंसेवकों ने विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं में भी हिस्सा लिया, जिसमें परीक्षित ने लड़कों की 200 मीटर दौड़ में और लड़कियों की 100 मीटर दौड़ में कृति ने प्रथम स्थान हासिल किया। स्वयंसेवकों ने अपने विचार और अनुभव सभी के साथ सांझा किए।



### विश्व मौखिक स्वास्थ्य माह का आयोजन

**रोहतक।** पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज में 20 फरवरी से विश्व मौखिक स्वास्थ्य माह 2025 मनाया जा रहा है। इस उत्सव के हिस्से के रूप में 22 मार्च पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग ने वरिष्ठ प्रोफेसर और प्रमुख डॉ. मंजूनाथ , प्रोफेसर डॉ. आदर्श कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विपुल यादव और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. भावना के मार्गदर्शन में सिंगला इंडस्ट्री में एक दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य श्रमिकों को मौखिक स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करना और तंबाकू के उपयोग के परिणामों के बारे में जागरूकता बढ़ाना था।

*मदवि में कार्यशाला आयोजित*

# कहानियां हमें जीवन में खुशियों का संसार रचकर देती: प्रो. वंदना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कथा-कहानी हमारी जिन्दगी के साथ बचपन से जुड़ी होती हैं। ये कहानियां हमें जीवन में खुशियों का संसार रचकर देती हैं। पॉजिटिव स्टोरीटेलिंग हैप्पीनेस का रास्ता तय करने का सकारात्मक संदेश प्रतिष्ठित मनोविज्ञानी, विदुषी, स्टोरीटेलर एवं पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला की सेवानिवृत प्रोफेसर डॉ. वंदना शर्मा ने शनिवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग तथा हैप्पीट्यूड लेबोरेटरी द्वारा आयोजित सुख-सृजन कार्यशाला में विचार रखे। प्रो. वंदना शर्मा ने बेहद रोचक ढंग से कहानियों के जरिए खुशियों का रोडमैप साझा किया।



उन्होंने कहा कि खुशी प्राप्ति की कूंजी सकारात्मक सोच में निहित है। कहानियां हमें दुनिया को समझने का, भावनाओं को अभिव्यक्त करने का, जीवन को अर्थपूर्ण तथा सार्थक बनाने में मददगार होती हैं, ऐसा उनका कहना था। प्रो. वंदना शर्मा ने कार्यशाला में विभिन्न कहानियों को सुनाकर, आडियो विजुअल प्रेजेंटेशन से प्रतिभागियों से संवाद किया।

### ये रहे मौजूद

विभाग के प्राध्यापकगण- प्रो. शालिनी सिंह, प्रो. सर्वदीप कोहली, डॉ. शशि रश्मि,डॉ. बिन्दु अहलावत की प्रतिभागिता कार्यशाला में रही। मनोविज्ञान विभाग स्टाफ सदस्यों- अमित, मीनाक्षी, मंजू, बलवान, जतिन तथा नरेश ने आयोजन सहयोग दिया। शोधार्थियों-विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक कार्यशाला में भाग लिया।

# सरकार ने 21 गंभीर बीमारियों से पीड़ितों को दिव्यांग पेंशन देने का लिया निर्णय : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सरकार द्वारा 21 गंभीर बीमारियों से पीड़ित पात्र लोगों को दिव्यांग पेंशन उपलब्ध करवाने का फैसला लिया है। इसके लिए आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए तथा वह हरियाणा का निवासी एवं आवेदन करते समय तीन वर्ष से हरियाणा में रह रहा हो। उन्होंने कहा है कि आवेदक की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय तीन लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। यह जानकारी उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने दी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा गत 3 मार्च को दिव्यांग पेंशन के लिए 21 बीमारियों को शामिल किया हैं। इनमें चलने-फिरने में असमर्थ दिव्यांग, कुष्ठ रोग, मस्तिष्क पक्षाघात, मांसपेशीय दुर्विकास, अंधापन, कम दृष्टि, श्रवण दोष, वाणी और भाषा दिव्यांगता, बौद्धिक दिव्यांगता, विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता, ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार, मानसिक बीमारी, दीर्घकालिक तंत्रिका संबंधी बीमारी, मल्टीपल स्कलेरोसिस, पार्किंसंस रोग, सिकल सेल रोग, बहु विकलांगता, हीमोफीलिया, थैलेसीमिया, एसिड अटैक पीड़ित एवं बौना आदि विकार शामिल हैं।



धीरेंद्र खड़गटा

उन्होंने कहा है कि इन बीमारियों से संबंधित पात्र व्यक्तियों को दिव्यांग पेंशन का लाभ प्रदान किया जाता है।

# सत जींदा कल्याणा कॉलेज में राष्ट्रीय जल मिशन दिवस पर विद्यार्थियों ने ली शपथ

■ भूगोल विभाग, पर्यावरण क्लब व यूथ रेड क्रास के तत्वावधान में शपथ समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



सत जींदा कल्याणा महाविद्यालय कलानौर में शनिवार को जल दिवस के उपलक्ष्य में भूगोल विभाग, पर्यावरण क्लब व यूथ रेड क्रास के तत्वावधान में एक शपथ समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा जल बचाने उसके विवेकपूर्ण उपयोग करने व पानी की हर बूंद का संचयन करने की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान जल शक्ति अभियान के तहत कैच द रेन-रेन वाटर हारवेस्टिंग पर प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार दुआ ने अपने विचार रखे व उन्होंने पानी संरक्षण पर बल दिया और अपने वकतव्य में बताया कि अगर पानी नही बचाया तो आने वाले समय में पीने का पानी भी नसीब नही होगा। प्राचार्य डॉ. दुआ ने सभी विद्यार्थियों को कहा कि वे अपने घर व आस–पास में सभी व्यक्तियों को जल संरक्षण के बारे में बताए व उन्हे यह भी कहे कि पानी को व्यर्थ न बहाए। इस दौरान डॉ. सतीश नरवाल ने जल संरक्षण करने के साथ-साथ रक्तदान शिविर में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। डॉ. नरवाल ने बताया कि रक्तदान शिविर कॉलेज में 28 मार्च को लगाया जाएगा। इस अवसर पर पर्यावरण क्लब की सदस्या डॉ. दीपा जुनेजा, डॉ. सुमन, डॉ. उमेश कुमार, डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. रितू व डॉ. संगीता आदि मौजूद रहे।





## पार्षद प्रवीन कौशिक के निवास स्थान पहुंचे रघुवीर सैनी

**रोहतक।** मुख्यमंत्री नायब सैनी के बड़े भाई रघुवीर सैनी वार्ड 20 के पार्षद प्रवीन कौशिक के देवी विहार स्थित निवास पर पहुचें और नवनिर्वाचित पार्षद प्रवीन कौशिक को शुभकामनाएं दी। निवास पर पहुंचने पर पार्षद प्रवीन कौशिक द्वारा फूल मालाओं एवं पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत किया गया। युवा जिला उपाध्यक्ष रविंद्र कौशिक ने साथियों सहित रघुवीर सैनी को भेंट स्वरुप गदा प्रदान की। साथ ही भारी बहुमत से जीत दिलाने पर रघुवीर सैनी ने समस्त वार्ड वासियों का धन्यवाद किया और कहा कि वार्ड 20 व शहर में मुख्यमंत्री द्वारा विकास की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। इस मौके पर जसवीर टांक, दीपक रोहिल्ला, जितेन्द्र अत्री, मनीषा सुहाग, पूनम किराड़, आशा दहिया, फूल कुमार, ललित, सतीश भारद्वाज, लीला धनखड़, जयपाल, मास्टर सतप्रकाश, नरेश प्रधान, कुकु प्रधान, मनीष दलाल, रिंकू पालीवाल, सतबीर चंदोलिया, श्याम शर्मा, शक्ति अहलावत आदि मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** कांग्रेस आज तक अपना नेता नहीं चुन पाई, भाजपा ने तीसरी बार सरकार बनाकर रिकॉर्ड किया कायम

# बच्चों और युवाओं को आध्यात्मिक के लाना होगा करीब : डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण लाल

*संत महापुरुषों के प्रवचनों से जीवन बनेगा सरल, सभी विधायकों को बात रखने का दिया पर्याप्त समय*

■ 78वें वार्षिक महान यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा है कि आध्यात्मिक के पथ पर चलकर जीवन को सरल बनाया जा सकता है। वे स्थानीय किला मोहल्ला में आयोजित 78वें वार्षिक महान यज्ञ कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। संत महापुरुषों द्वारा दिए जाने वाले प्रवचनों से हमें जीवन जीने की शैली की जानकारी मिलती है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक के मार्ग पर चलकर जीवन में कठिन से कठिन परिस्थितियों का सामना किया जा सकता है।





### विधायकों को बात रखने का समय दिया

बाद में मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि विधानसभा सत्र के दौरान सभी विधायकों को अपनी बात रखने का पर्याप्त समय दिया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने आजादी के बाद जहां लगातार तीसरी बार सरकार बनाने का रिकॉर्ड कायम किया है। वही कांग्रेस ने भी बिना विपक्ष के नेता का रिकॉर्ड बना दिया है। उन्होंने कहा कि बजट सत्र के दौरान भी कांग्रेस अपना नेता नहीं बना पाई। डॉ कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से मुद्दाहीन हो चुकी है। भाजपा की सरकार में तेजी से विकास कार्य किया जा रहे हैं। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बिना किसी भेदभाव के पूरे प्रदेश में विकास कार्य करवा रहे हैं। मुख्यमंत्री सैनी जनहित से जुड़े किसी भी मुद्दे पर अपनी स्वीकृति देने में देर नहीं लगाते भले ही ऐसा मुद्दा विपक्षी दल के विधायक द्वारा उठाया गया हो। एक सवाल के जवाब में डिप्टी स्पीकर ने कहा कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश है कि अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बजट सत्र के दौरान हर शहर में एक पुराने बाजार को 'स्मार्ट बाजार' और एक पुरानी गली को 'स्मार्ट गली' के तौर पर कायाकल्प करने को लेकर भी अपनी मुहर लगाई है।

### ये रहे मौजूद

उनके साथ युवा भाजपा नेता हिमांशु ग्रोवर, पवन आहूजा, संजय आहूजा, पार्षद कपिल नागपाल, मनोज मक्कड़, तरुण सन्नी शर्मा, प्रतिभा सुमन, विजय आर्य, शिवा दित्ता मल नात्थी, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## लैब छात्रों के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगी: कुलपति

# बाबा मस्तनाथ विवि में अटल टिंकरिंग लैब का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अटल टिंकरिंग लैब का उद्घाटन किया गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एचएल वर्मा और कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

इस लैब का उद्देश्य विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीकी कौशल से सुसज्जित करना है, जिससे वे अपने व्यावहारिक ज्ञान को मजबूत कर सकें और आत्मनिर्भर बनें। इस आधुनिक प्रयोगशाला में इलेक्ट्रॉनिक्स, गणित, कंप्यूटर, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग से संबंधित अत्याधुनिक उपकरण और संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। यह विश्वविद्यालय और पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है कि बीएमयू ने तकनीकी शिक्षा को नया आयाम देते हुए इस प्रकार की पहली प्रयोगशाला स्थापित की है। कुलपति प्रो. एचएल वर्मा ने कहा कि इस लैब की स्थापना विद्यार्थियों के लिए मील का पत्थर साबित होगी। यह प्रयोगशाला उन्हें तकनीकी प्रशिक्षण एवं कौशल प्रदान करेगी, जिससे वे उद्योग जगत में बेहतर अवसर प्राप्त कर सकेंगे। इससे विद्यार्थियों में आत्मनिर्भरता और नवाचार की भावना भी विकसित होगी। अटल टिंकरिंग लैब की यह पहल विद्यार्थियों को नवाचार एवं तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी और उनके उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगी।

### कुलपति को दी बधाई

कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि यह लैब विज्ञान, गणित और इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभदायक होगी। यह न केवल उनके तकनीकी ज्ञान को समृद्ध करेगी, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में भी अग्रसर करेगी। इस लैब की स्थापना स्किल डेवलपमेंट डायरेक्टर डॉ. बिजेंद्र सिंह के नेतृत्व में की गई, जिनकी मेहनत के लिए कुलपति और कुलसचिव ने उन्हें हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर डॉ. अनिल डूडी, डॉ. कविता, डॉ. सारिका, डॉ. राजीव, डॉ. सोमवीर, डॉ. राहुल, दीपिका एवं पंकज मौजूद रहे।

## महम अनाजमंडी में सरसों की खरीद शुरू

**महम।** महम कस्बे में स्थित नई अनाजमंडी में सरसों की सरकारी खरीद शुरू हो चुकी है। महम मार्किट कमेटी सचिव दीपक कुमार ने बताया कि अबतक महम अनाजमंडी में 200 क्विंटल सरसों की खरीद हो चुकी है। सचिव ने बताया कि नमी के कारण सरसों की खरीद कम हो पाई है। हरियाणा में 15 मार्च से सरसों की सरकारी खरीद शुरू हुई थी। महम अनाजमंडी में भी खरीद शुरू है। लेकिन सोमवार से सुचारू रूप से सरसों की आवक बढ़ने की उम्मीद है और खरीद सुचारू रूप से शुरू हो जाएगी। उन्होंने बताया कि मंडी के दोनों गेटों पर चौकीदारों की व्यवस्था की गई है ताकि लावारिस पशुओं से फसल को बचाया जा सके।

# छात्राओं को कौशल दक्षता के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कन्या छात्रावास परिसर स्थित भागीरथी, कृष्णा, यमुना और गोदावरी गर्ल्स हॉस्टल में संयुक्त रूप से एसएसबी और नॉन-एसएसबी कैंडीडेट्स में सॉफ्ट स्किल्स और लाइफ स्किल्स को बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष वार्ता का आयोजन किया गया। यूथ सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट की परियोजना निदेशिका प्रो. शालिनी सिंह ने इस कार्यक्रम में छात्राओं को संचार कौशल, साक्षात्कार कौशल, लेखन कौशल समेत जीवन कौशल में दक्षता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं से निरंतर अपने कौशल में अभिवृद्धि करने की बात ही। उन्होंने इस दिशा में यूथ सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट द्वारा आयोजित किए जा रहे एसएसबी गाइडेंस प्रोग्राम की महत्ता से छात्राओं को अवगत करवाया और इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। चीफ वार्डन गर्ल्स प्रो. सपना गर्ग ने भी इस अवसर पर जीवन में कॅरियर निर्माण में कौशल विकास को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने छात्र कल्याण कार्यालय द्वारा संचालित छात्र हित गतिविधियों का बारे जानकारी दी और इनका लाभ उठाने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया। डॉ. शशि रश्मि ने प्रारंभ में स्वागत भाषण दिया और अंत में आभार जताया। डॉ. बबीता खोसला, डॉ. प्रियंका यादव, डॉ. नेहा खुराना, डॉ. राजबाला सांगवान समेत समस्त स्टाफ रहा।

## निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रही सविता



**महम।** राजकीय महाविद्यालय महम के इतिहास विभाग ने शहीदी दिवस के उपलक्ष में एक निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के कई छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ दीपक कुमार ने विद्यार्थियों को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में शहीदों की सहभागिता एवं उनके बलिदान के बारे में बताया। डॉ. भूपेंद्र सिंह सहायक प्राध्यापक रक्षा अध्ययन, सुरेश कुमार सहायक प्राध्यापक कंप्यूटर विभाग व रितु सहायक प्राध्यापिका वाणिज्य विभाग ने इसमें निर्णायक मंडल की भूमिका अदा की। इस निबंध प्रतियोगिता में सविता, रोबिन व मन्नू ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय प्राचार्य रोहित कुमार ने भारतीय आजादी के संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान एवं उनकी विचारधाराओं के बारे में छात्रों को बताया। इस मौके पर स्वास्थ्य निरीक्षक सुनील कुमार अहलावत, प्राध्यापक पुष्पा, कुसुम व फूल कुमार मौजूद थे।

**ग्राम पंचायत मुंगाण जिला रोहतक (हरियाणा)**

प्रमाणित किया जाता है कि गांव मुंगाण में पंचायती झोटे की बोली दिनांक 28.03.2025 को होनी है। अतः हरिभूमि अखबार में होनी निकलवायी जाए।

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत
मुंगाण जिला रोहतक

# गणितीय सिद्धांतों के वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





एमडीयू के गणित विभाग में शनिवार को श्रीनिवास रामानुजन की 137वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय गणित दिवस सेलिब्रेट करते हुए-रियल वर्ल्ड एप्लीकेशन्स ऑफ मैथेमेटिकल एनालिसिस विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने बतौर मुख्यातिथि इस सेमिनार का शुभारंभ करते हुए कहा कि गणितीय विश्लेषण का उपयोग वैज्ञानिक अनुसंधान, उद्योगों, चिकित्सा, वित्त और पर्यावरणीय अध्ययनों में किया जाता है। उन्होंने आलोचनात्मक और विश्लेषणात्मक सोच को बढ़ाने के लिए गणित को अन्य विषयों के साथ एकीकृत करने की आवश्यकता पर जोर दिया।भ डॉ. शरणजीत कौर ने बतौर विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में शिरकत की। डॉ. शरणजीत कौर ने कहा कि विद्यार्थी गणित के डर को दूर करें और गणित विषय की गहरी समझ विकसित करें। गणित विभाग के अध्यक्ष एवं इस सेमिनार के संयोजक प्रो. सुमित गिल ने प्रारंभ में स्वागत भाषण दिया और सेमिनार की विषयवस्तु पर प्रकाश डाला। डीन फैकल्टी ऑफ मल्टी डिसिप्लिनरी स्टडीज प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने प्रतिष्ठित गणितज्ञ रामानुजन के योगदान पर विस्तार से बताया और इस बात पर जोर दिया कि कैसे गणितीय सिद्धांतों का विभिन्न क्षेत्रों में व्यावहारिक अनुप्रयोग है।







# शिक्षा विशेषांक महम

महम व लाखनमाजरा क्षेत्र में विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए सम्पर्क करें :
राज कुमार नरवाल, रिपोर्टर हरिभूमि
महम, सम्पर्क सूत्र : 9253681048



## बच्चों के सर्वांगिण विकास के लिए आरकेएम स्कूल फरमाणा (रोहतक) ने शुरू की बुनियाद और फाउंडेशन कक्षाएं

राधा-कृष्णन मैमोरियल स्कूल फरमाणा (रोहतक) की ग्रामीण क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान है। संस्था संचालक श्री महेश सहारण और प्रधानाचार्या डॉ. नीलम कुमारी का ये मानना है कि आज भी ग्रामीण क्षेत्र का माहौल शहरी क्षेत्र से शिक्षा के मामले में अलग है। ग्रामीण क्षेत्र का अभिभावक शिक्षा के लिए आज भी आर्थिक रूप से मजबूत नहीं है। आरकेएम संस्था ने बच्चों के सर्वांगिण विकास का बीड़ा उठाया है और इसी के अंतर्गत संस्थान बुनियाद योजना लेकर आई है। बुनियाद के तहत आवासीय/गैर आवासीय कोचिंग जैसे की नीट, जेईई, आर्मी, एयर फोर्स व डीयू इंट्रेंस के लिए कोचिंग दी जाती है। साथ ही फाउंडेशन कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए संस्थान ने आईआईटीएन और बहुत ही अनुभवी स्टॉफ को चयनित किया गया है। यह संस्था ग्रामीण क्षेत्र में विज्ञान के क्षेत्र में विद्यार्थियों के शिक्षण विकास में मील का पत्थर साबित हो रही है। हमारा प्रयास कम फीस में अच्छी कोचिंग देना है। इसके लिए आरकेएम संस्था लगातार प्रयासरत है। फाउंडेशन कक्षाएं कक्षा पांचवीं से कक्षा 12वीं तक लगाई जा रही हैं। आवासीय अध्यापकगण की टीम विद्यार्थियों के सर्वांगिण विकास में कारगर साबित हो रही है। राधा-कृष्णन मैमोरियल स्कूल ने बड़े बदलाव का बीड़ा उठाया है और यहां दाखिल होने वाले विद्यार्थियों का भविष्य उज्ज्वल है। यदि आप भी अपने बच्चे का भविष्य उज्ज्वल बनाना चाहते हैं, तो आरकेएम स्कूल फरमाणा (रोहतक) एक सही विकल्प है।




## शिक्षा, प्रेरणा और कामयाबी का संगम - आर्य स्कूल



अशोक दांगी
प्राचार्य

आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मदीना रोहतक, उस महान धरोहर को सम्मानित करता है जिसकी स्थापना स्वामी इंद्रवेश जी के करकमलों द्वारा 2001 में की गई थी। इस विद्यालय का पौधा इतना पल्लवित और पुष्पित हुआ कि इसकी सुगंध पिछले 25 वर्षों से बनी हुई है। यहां की सर्वोत्तम शिक्षा, मेधावी छात्र-छात्राओं के समर्पित प्रयासों ने इस विद्यालय को एक सम्मानजनक स्थान दिलवाया है। इस विद्यालय से उत्तीर्ण विद्यार्थियों ने सिविल सर्विसेज, चिकित्सा, इंजीनियरिंग, सैन्य सेवा और अन्य उच्च पदों पर अपनी पहचान बनाई है। इसके परिणामस्वरूप, यहां छात्र संख्या में निरंतर वृद्धि होती रही है।

विद्यालय एक शांतिपूर्ण और प्राकृतिक वातावरण में स्थित है, जो धूल-धूसर से दूर है और प्रकृति की शीतल छांव में बना हुआ है। विस्तृत और सुंदर प्रवेश द्वार से होते हुए, विद्यालय का मुख्य परिसर एक अतिथि परिसर की ओर अग्रसर होता है, जहां बैठने और विचार-विमर्श की सुविधाएं उपलब्ध हैं। विद्यालय का विशाल प्रांगण, प्राचार्य कक्ष, और खुले हवादार कक्षा कक्ष सभी समस्त आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हैं।

यहां कला, वाणिज्य और विज्ञान तीनों संकाय विधिवत रूप से संचालित होते हैं, और शैक्षिक उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों का भी आयोजन किया जाता है, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। विद्यालय के प्राचार्य, श्री अशोक दांगी, एक समर्पित और सक्षम नेता हैं, जो स्थानीय समुदाय के साथ मिलकर विद्यालय के प्रबंधन को विकसित करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं।

विद्यालय में विभिन्न सदनों के माध्यम से प्रतिभा विकास को बढ़ावा दिया जाता है, जिसमें अंतर-सदन प्रतियोगिताएं होती हैं। विद्यालय का उद्देश्य सिर्फ शिक्षा ही नहीं, बल्कि छात्रों के व्यक्तित्व और व्यवहारिक विकास पर भी ध्यान केंद्रित करना है। इस दिशा में, मासिक हवन का आयोजन किया जाता है।

विद्यालय में समय-समय पर प्रदर्शनी और खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं, जो बच्चों के कौशल का विकास करती हैं। इसके अलावा, पठन कौशल, श्रवण कौशल और वाचन कौशल जैसे रचनात्मक पहलुओं पर भी ध्यान केंद्रित किया जाता है, ताकि बच्चों का सर्वश्रेष्ठ विकास हो सके।

नीट, आईआईटी, जेई, एनडीए जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी सीबीएसई पाठ्यक्रम के साथ-साथ करवाई जाती है, और बच्चों को करियर संबंधी मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाता है, ताकि वे भविष्य में किसी भी परेशानी का सामना न करें।

विद्यालय के सभी शिक्षक अपने प्रभावी तरीके से बच्चों को न केवल पाठ्यक्रम, बल्कि जीवन की समस्याओं का समाधान भी प्रदान करते हैं। विद्यालय का उद्देश्य रोजगारपरक शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना और बच्चों को उत्साहित करना है।

अतः हम सभी अभिभावकों से निवेदन करते हैं कि विद्यालय की शिक्षा और उपलब्धियों का मूल्यांकन करें और अपने बच्चों का पंजीकरण करके उनके उज्जवल भविष्य की नींव रखें। **"समान शिक्षा, समान अवसर" – शिक्षा है जीवन का सबसे मूल्यवान आभूषण।**



## शहर में आज

⏭ आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 9 बजे से

## बिजली कट

⏭ सुबह 8.30 से 10 बजे तक
भगवतीपुर, चांदी, इंदरगढ़, घरोठी, टिटौली, भगवतीपुर, निदाना, समरगोपालपुर कलां व खुर्द, गिरावड़ और इंडस्ट्री टिटौली चौक

⏭ सुबह 10 से 2 बजे तक
शास्त्री नगर, हिसार रोड, सैनिक कॉलोनी

⏭ सुबह 10 से 2 बजे तक
डीएलएफ कॉलोनी, जगदीश कॉलोनी, चिन्योट कॉलोनी, रामनगर, नेताजी नगर, गांधीनगर, जवाहर नगर, आर्य नगर शिवम एनक्लेव, सर्कुलर रोड, गांधी कैंप, घनीपुरा, बैंक कॉलोनी, पटेल नगर, श्रीनगर कॉलोनी, एकता कॉलोनी

⏭ सुबह 8 से 9 बजे तक
छोटूराम नगर, सुखपूरा चौक, सूर्य नगर, राजेंद्र नगर, बैंक कॉलोनी, हनुमान कालोनी, भगतनी वाली गली, प्रवेश नगर

⏭ सुबह 10 से 4:30 बजे तक
राजीव कॉलोनी, खोकरा कोट, सलारा मोहल्ला, रामजोहड़ी, बाल्मीकि चौक, तेज कालोनी, हनुमान कालोनी

# सैंपल में युवक की पीट-पीटकर हत्या

## दोस्तों के साथ शराब पी रहा था, कहासुनी के दौरान ईंट-पत्थरों से हमला

- रात को दो दोस्तों के साथ गया था, सुबह मिला शव
- अविवाहित था सैंपल का रहने वाला अशोक
- कलानौर पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलानौर

गांव सैंपल में शनिवार को एक युवक की हत्या कर दी गई। युवक को ईंटों और डंडों से तब तक पीटा गया जब तक उसकी जीवन लीला समाप्त नहीं हो गई। इस वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गए। मृतक की पहचान गांव सैंपल निवासी अशोक के रूप में हुई है। वारदात की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। वहीं एफएसएल की टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जरूरी साक्ष्य जुटाए लिए हैं। परिजनों ने दो लोगों पर हत्या का शक जताया है। पुलिस ने केस दर्ज एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।




रोहतक। मृतक अशोक फाइल फोटो। पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। फोटो : हरिभूमि

### अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

एक व्यक्ति की हत्या करने की सूचना मिली थी। सूचना के बाद टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस ने मृतक के रिश्तेदार कृष्ण की शिकायत पर रोहित व पवन के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया। एक आरोपी रोहित को गिरफ्तार किया गया है। **-एसआई विनोद** जांच अधिकारी, थाना कलानौर

### कहासुनी में जान गई

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अशोक अविवाहित था। वह अपने दोस्त रोहित और पवन के साथ गांव की पुरानी चौपाल उर्फ डेयरी में शराब पी रहा था। यहां किसी बात पर उसका झगड़ा रोहित और पवन से हो गया। कहासुनी ने झगड़े का रूप ले लिया और पवन व रोहित ने अशोक की पीट-पीटकर हत्या कर दी।

### मौके पर ही मौत

मृतक के रिश्तेदार कृष्ण ने आरोप लगाया कि अशोक और उसके दोस्त रात को शराब पी रहे थे। इसी दौरान रोहित और पवन ने अशोक पर ईंटों और डंडों से हमला कर दिया। हमले में अशोक बुरी तरह घायल हो गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### ईंटें जब्त की गई

घटना के बाद मौके पर पहुंची एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। एफएसएल विशेषज्ञ डॉ. सरोज दहिया की टीम ने मौके पर पड़ी ईंट जब्त की और साथ ही शराब की बोतल भी जांच के लिए जब्त की गई। टीम ने साक्ष्यों को जांच के लिए लैब में भेज दिया।

### हरियाणा बोर्ड की बारहवीं कक्षा की परीक्षा

# 181 ने दी साइकॉलोजी और संस्कृत व्याकरण की परीक्षा, दो यूएमसी बने

- खिड़वाली गर्वमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नकल करते पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

हरियाणा बोर्ड की बारहवीं की साइकॉलोजी की परीक्षा में शनिवार को दो यूएमसी बनाए गए। दोनों ही यूएमसी खिडवाली गर्वमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बने। यहां बता दें कि शनिवार को बारहवीं कक्षा का संस्कृत व्याकरण और साइकॉलोजी का पेपर था। कुल 183 बच्चों ने परीक्षा देनी थी, इनमें से 181 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और 2 छात्र अनुपस्थित रहे। दोनों साइकॉलोजी के विद्यार्थी थे। अब 24 मार्च को बारहवीं कक्षा के बच्चों का ज्योग्राफी का पेपर है।

### 12:30 बजे शुरू हुआ पेपर

पेपर का समय सुबह 12:30 से लेकर 3:30 बजे तक था। विद्यार्थी समय से करीब एक घंटा पहले ही अपने अपने सेंटरों पर पहुंचने शुरू हो गए। 15 परीक्षा केंद्रों पर साइकोलॉजी और संस्कृत व्याकरण की परीक्षा हुई। सेंटरों के बाहर पुलिस बल भी तैनात रहा।

### 169 ने साइकॉलोजी और 12 बच्चों ने दी संस्कृत व्याकरण की परीक्षा



शनिवार को बाहरवीं कक्षा के विद्यार्थियों का साइकॉलोजी और संस्कृत व्याकरण का पेपर था। साइकॉलोजी का पेपर कुल 169 बच्चों ने और संस्कृत व्याकरण का पेपर 12 बच्चों ने देना था। संस्कृत व्याकरण के पेपर में तो सभी बच्चे उपस्थित रहे जबकि साइकॉलोजी की परीक्षा में 169 में से 167 बच्चे उपस्थित रहे यानी 2 बच्चे परीक्षा में अनुपस्थित रहे।

### 29 मार्च को है आखिरी पेपर

बता दें कि बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों का 29 मार्च को आखिरी पेपर है। दसवीं की परीक्षाएं पहले ही समाप्त हो चुकी हैं।

# बार एसोसिएशन के नए प्रधान गंगाजल लेने पहुंचे हरिद्वार, बार परिसर को धोएंगे

- पूर्व प्रधानों के कार्यकाल में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए, शुद्धि के लिए हवन कराएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

जिला बार एसोसिएशन के प्रधान दीपक हुड्डा व महासचिव राजकर्ण पंघाल गंगाजल लाने के लिए शनिवार को हरिद्वार पहुंच गए। वे गंगाजल लाकर रोहतक बार परिसर को सैनेटाइज करेंगे और शुद्धि के लिए हवन भी करवाएंगे। बार एसोसिएशन के प्रधान ने पूर्व प्रधानों के कार्यकाल में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए 18 मार्च को ही हरिद्वार से गंगाजल लाने का ऐलान कर दिया था। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि वे बिना किसी दुर्भावना के वकीलों के हित के लिए काम करेंगे लेकिन भ्रष्टाचार करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। हुड्डा व पंघाल ने कहा कि बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी ने वकीलों के नाम पर हुए भ्रष्टाचार के मामलों को गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा कि पिछले करीब 14 वर्ष से बार एसोसिएशन में भ्रष्टाचार चल रहा है। बार एसोसिएशन के अकाउंट्स में हेराफेरी की गई। बार परिसर स्थित दुकानों और कैंटीन को लेकर गड़बड़ी के मामले सामने आए हैं। दुकानदारों और ठेकेदार से पैसे लेकर बार एसोसिएशन के अकाउंट में जमा नहीं करवाए गए।



बार एसो. के प्रधान दीपक हुड्डा, महासचिव राजकर्ण पंघाल गंगाजल लाने के लिए हरिद्वार पहुंच गए।

### महम में बैंसी गांव के पास ट्रक व कार की हुई टक्कर, सीएम नायब सिंह सैनी ने जताया शोक

# हादसे में माटी कला बोर्ड चेयरमैन ईश्वर सिंह मालवाल की मौत

- हादसा इतना भीषण था कि टक्कर लगने के बाद खेतों में जा गिरे ट्रक और कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

शनिवार शाम को लाखन माजरा महम मार्ग पर बैंसी गांव के पास एक भीषण हादसा हुआ। इस हादसे में माटी कला बोर्ड हरियाणा के चेयरमैन ईश्वर सिंह मालवाल की मौत हो गई। ईश्वर मालवाल लाखन माजरा की ओर से महम की तरफ जा रहे थे। इस दौरान उनकी गाड़ी एक ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में ईश्वर मालवाल की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही लाखन माजरा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस पोस्टमार्टम के लिए शव को रोहतक पीजीआई ले गई। हादसा शनिवार शाम को करीब 3 बजे बैंसी गांव के पास स्थित एक पेट्रोल पंप के पास हुआ। कार में ईश्वर अकेले ही थे। महम की ओर से आ रहे ट्रक और कार की आमने सामने की टक्कर हो गई। हालांकि अभी एक्सीडेंट के कारणों का पता नहीं चल पाया है।




**महम।** बैंसी गांव के पास हुए भीषण हादसे के बाद खेतों में पड़े क्षतिग्रस्त कार व ट्रक एवं मुख्यमंत्री नायब सैनी को बुके भेंट करते लाल घेरे में ईश्वर सिंह मालवाल।

### सुबह बात हुई थी: तरुण

भाजपा नेता तरूण जैन की उनसे सुबह 11 बजे बात हुई थी। उस समय वे भिवानी में थे। लाखन माजरा रूट पर कैसे पहुंचे, यह समझ में नहीं आ रहा। भिवानी के तोशाम के पास खानक गांव में उनका स्कूल है।

### राजनीति एवं पार्टी के लिए अपूर्णीय क्षति

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ईश्वर मालवाल के निधन पर शोक जताया

उनके निधन पर मुख्यमंत्री ने दुख प्रकट किया है। सीएम ने एक्स पर लिखा है कि हरियाणा माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष ईश्वर सिंह मालवाल के रोहतक के लाखन माजरा में निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। उनका निधन प्रदेश राजनीति एवं पार्टी के लिए अपूर्णीय क्षति है।

### 2019 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में हुए थे शामिल

ईश्वर मालवाल पहले कांग्रेस पार्टी में थे। 2019 में उन्होंने कांग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा ज्वाइन की थी। ईश्वर मालवाल मंत्री रणबीर गंगवा के बेहद करीब थे।




